an>

Title: Need to provide funds for fencing of agricultural fields to keep away straying wild animals.

श्री ओम बिरला (कोटा) : सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के कोटा सहित देश के कई कृÂिष प्रधान इलाकों में रोजड़ों (नीलगाय), जंगली सूअर आदि जानवरों द्वारा बड़ी मात्रा में किसानों की फसलें नÂष्ट कर दी जाती हैं जिससे उनको गंभीर आर्थिक हानि उठानी पड़ती है। इस समस्या पर मेरे सहित देश के कई सांसदों ने सरकार का ध्यान आकर्Âिषत किया है।

इस संबंध में मेरा आग्रह है कि वन्य जीवों से फसलों की सुरक्षा के लिए किए जाने वाले विभिन्न उपायों जैसे बाड़बंदी तथा तारबंदी आदि प्रबंधों के लिए आवश्यक वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने का प्रावधान किया जाए और फसल बीमा में भी उक्त जोखिम को शामिल करने का प्रयास किया जाए तथा इस कार्यों को नरेगा में सम्मिलित किया जाए।